# सबका भला करो | By Sunil Sarvottam

भला करो सबका भला करो
जिसमे हो कल्याण सभी का
ऐसे पथ पे चला करो
भला करो सबका भला करो .......

करते चलो सभी का भला
सबके भले में अपना भला
करता है जो सबका भला
होता उसका सदा भला
कभी किसी को धोखा ना दो
ना ही किसी को छला करो
भला करो सबका भला करो .......

भले को उल्टा पढ़ कर देखो
भला पलट कर लाभ बनेगा
सदा भला करने वालों को
हर दिन लाभ ही लाभ मिलेगा
भले के साथ भलाई चलती
तुम भी सबका भला करो
भला करो सबका भला करो .......

मन में रख कल्याण भावना
देख करम जो करता है
परम पिता परमेश्वर भी
उन लोगों के दु:ख हरता है
करो प्रार्थना भला हो सबका
नहीं किसी से जला करो
भला करो सबका भला करो .......

[https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-sunil-sarvottam/](https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-sunil-sarvottam/)